## एक नजर में

### इस माह जिले में 6 रक्तदान शिविर

**नवभारत न्यूज, ब्यावरा 01 दिसम्बर, का.** दिसम्बर माह में जिले के विभिन्न स्थानों पर 6 रक्तदान शिविर आयाजित किए जाएंगे. दिसम्बर माह में होने वाले यह रक्तदान शिविर ब्लड संग्रहण में मददगार साबित हो सकेंगे. ब्लड बैंक राजगढ़ से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 दिसम्बर को राजगढ़ में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया. यह शिविर स्टार मित्र मण्डल द्वारा राजेश सक्सेना की स्मृति में नगर की मेडतवाल धर्मशाला में रखा गया. जबकि आज 2 दिसम्बर को पचोर में रक्तदान शिविर होगा. यह शिविर बीओआई/एचडीएफसी एवं लॉयंस क्लब पचोर के तत्वावधान में बैंक ऑफ इण्डिया पचोर में होगा. 3 दिसम्बर को जीरापुर में एचडीएफसी बैंक में रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा जो कि एचडीएफसी बैंक एवं तिरंगा मित्र मण्डल के तत्वावधान में होगा. 5 दिसम्बर को ब्यावरा स्थित एचडीएफसी बैंक में रक्तदान शिविर होगा जो कि एचडीएफसी बैंक एवं भारत एकता ग्रुप के तत्वावधान में आयोजित किया जाएगा. 8 दिसम्बर को उप स्वास्थ्य केन्द्र पाड़ली जीरापुर में रक्तदान शिविर रखा गया है. 9 दिसम्बर को नरसिंहगढ़ स्थित एचडीएफसी बैंक में रक्तदान शिविर होगा.

### मदीना के लिए रवाना तीर्थ यात्रियों का स्वागत



**सारंगपुर 01 दिसम्बर, सं.** पवित्र नगरी मक्कामदीना में उमराह की जियारत के लिए रवाना हो रहे नगर के तीर्थ यात्रियों का शनिवार को ससम्मान स्वागत किया. नगर के हाफ़िज अब्दुल माजिद, अब्दुल मजीद मेव, इस्माइल भाई, राजू मंसूरी और मोहम्मद उबेर को रवाना होने से पूर्व राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि शेख मुशर्रफ के निवास पर पुष्पमालाएँ पहनाकर सम्मानित किया गया. इस दौरान नगर के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे. इनमें सांसद प्रतिनिधि शेख मुशर्रफ, नगर पालिका पूर्व उपाध्यक्ष एवं पार्षद प्रतिनिधि शफीक अंसारी, पूर्व पार्षद हाजी शेखर चाचा, हाजी मुजीब भाई, हारुन नायक, हाजी शम्मी मेव हाफ़िज मेव, एम.आर. ट्रेलर, सलीम भाई, अख़लाक वारसी, आशिक मंसूरी, आरिफ़ मिर्ज़ा, पत्रकार हुकमचंद सोनी, चंदर सिंह परमार बनवारी मालवीय आदि प्रमुख रूप से शामिल रहे.

### 50 युवाओं ने लिया भाग, 29 का चयन

**राजगढ़ 01 दिसम्बर, का.** भारतीय सुरक्षा दस्ता परिषद नई दिल्ली एवं भारत सरकार पसारा एक्ट 2005 के अंतर्गत सिक्योरिटी स्किल काउंसलिंग इंडिया लिमिटेड जयपुर द्वारा ग्रामीण व शहरी शिक्षित युवाओं को सुरक्षा जवान के पद पर भर्ती कैंप का आयोजन सोमवार को न्यू तहसील आजीविका भवन में किया गया. जिसमें 50 युवाओं ने भाग लिया. शारीरिक मापदंड के अनुसार भर्ती अधिकारी श्री सुरेंद्र कुमार ने 29 युवाओं का चयन किया. कमांडेंट कपिल शर्मा ने बताया कि अगले भर्ती का आयोजन 02 दिसम्बचर 2025 को जनपद पंचायत नरसिंहगढ़ में प्रात: 11 बजे से शाम 03 बजे तक किया जाएगा.

# जिले की सरकारी शालाओं से बिजली गायब

## जिले के दर्जनों शासकीय स्कूलों में नहीं है बिजली, ब्यावरा ब्लॉक में ही 26 शालाओं में नहीं बिजली कनेक्शन

### गर्मी में पंखे नहीं चल पाते, पेयजल संकट की स्थिति

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 01 दिसम्बर, का. आजादी के इतने सालों के बाद भी जिले की दर्जनों शासकीय शालाओं में बिजली नहीं आ सकी है, जिसके कारण अनेक प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ता है. गर्मी में पंखे नहीं चलते, पेयजल संकट सहित अंधेरा रहने आदि समस्याओं से दो चार होना पड़ता है.**

गौरतलब है कि जिले में दर्जनों की संख्या में शासकीय स्कूल ऐसे है जिनमें बिजली कनेक्शन तक नहीं है. इनमें अधिकांशत: प्राथमिक शालाएं शामिल है. आज भी इन स्कूलों का अपने बिजली आने का इंतजार है.



अकेले ब्यावरा ब्लॉक में ही 26 शासकीय स्कूलों में बिजली नहीं होना सामने आया है. ब्यावरा ब्लॉक के प्रावि रुगनाथपुरा, मावि परसूलिया, मावि बाईहेड़ा, प्रावि भगवतीपुर, प्राविबापचा, प्राविपगारी, प्राविखेरखेड़ी, प्राविबाजपुरा, प्राविकोदियापुरा, प्राविबंजारापुरा (बेढ़ावे), प्राविकुंदनपुर, प्राविजैमलपुरा, प्राविखजूरखाड़ी, प्राविगुंजारी, प्रावितवड़िया का पुरा, प्राविचौंतरा, माविकटारियाखेड़ी, प्राविअमानपुरा, प्राविहूड़ा, प्राविधूपचिढ़ी, प्राविबंजारापुरा शामिल है.

### बिजली नहीं इसलिए शोपीस बने कम्प्यूटर

कई शालाएं जहां पर बिजली कनेक्शन नहीं है वहां पर विद्यार्थियों के कम्प्यूटर रखे हुए है किंतु बिना लाइट के कम्प्यूटर मानो शोपीस बनकर रखे हुए है. जबकि बैंक व अन्य संस्थाओं के द्वारा स्कूलों में विद्यार्थियों के लिए कम्प्यूटर प्रदान किए गये है लेकिन लाईट कनेक्शन नहीं होने से कई स्कूल में इन कम्प्यूटर का लाभ नहीं मिल सका है.

### जब मतदान केन्द्र बना तो मिली लाइट



कई शासकीय स्कूल भवनों में मतदान केन्द्र स्थापित करने के चलते वहां समुचित व्यवस्था को देखते हुए प्राथमिकता के साथ लाईट लगवाई गई, ऐसे में अनेक शासकीय शालाओं में मतदान केन्द्र के चलते बिजली कनेक्शन होकर लाईट लग सकी. जबकि जिन शासकीय शालाओं में मतदान केन्द्र नहीं है वहां कई शालाओं में अभी लाईट आने का इंतजार है.

### शालाओं की सूची कार्यालय को भेजी

जिन शासकीय शालाओं में बिजली कनेक्शन नहीं है ऐसी शालाओं की सूची तैयार कर वरिष्ठ कार्यालय को भेजी गई है. इस संबंध में जानकारी चाहने पर ऐसे स्कूलों को चिन्हित कर जानकारी भेजी है. ब्यावरा ब्लॉक में ही करीब 26 शालाएं है, जहां पर बिजली कनेक्शन नहीं होना सामने आया है.

### आइडियल कॉन्वेंट स्कूल में हुए सेमिनार

**नवभारत न्यूज, ब्यावरा 01 दिसम्बर, का.** आईडियल कॉन्वेंट स्कूल में पुलिस विभाग के सहयोग से जागरूकता सेमिनार में बाल विवाह, बाल श्रम और किशोर अपराध जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई. मुख्य अतिथि एसडीओपी प्रकाश शर्मा ने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए कहा कि हर नागरिक, विशेषकर बच्चों की सुरक्षा पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है. उन्होंने कहा कि बच्चों को किसी भी प्रकार की परेशानी, भय या संदिग्ध गतिविधि दिखाई देने पर तुरंत 100/112 नंबर पर संपर्क करना चाहिए. बाल विवाह, बाल श्रम और किशोर अपराध जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की. विभाग द्वारा तैयार किया गया एक विशेष जागरूकता वीडियो भी बच्चों को दिखाया, जिसमें साइबर सुरक्षा के प्रावधान समझाए गए है. विद्यालय के चेयरमैन एम.एस. सैफी ने एसडीओपी श्री शर्मा को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया. विद्यालय संचालक जफर सैफी ने धन्यवाद दिया. कार्यक्रम में विद्यालय स्टॉफ तथा विद्यार्थी उपस्थित रहे.

# लाखों की लागत से बने शेड का फर्श उखड़ा

## डेढ़ साल पूर्व हुआ था 5 शेड एवं सीसीकरण का कार्य



नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 30 नवम्बर, का. कृषि मंडी में उपज लेकर आने वाले किसानों की सुविधा को देखते हुए मंडी बोर्ड द्वारा लाखों रुपये की लागत से करीब डेढ़ साल पूर्व स्थानीय मंडी परिसर के पीछे वाले भाग में नीलामी कार्य हेतु पांच शेड का निर्माण करने के साथ ही सीसीकरण कार्य किया गया था. किंतु लाखों की लागत से बने शेड का फर्श उखड़ने के साथ ही इनकी दुर्दशा होने लगी है. उखड़े फर्श के कारण नीलामी के दौरान काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है तथा आवाजाही में जोखिम भी रहता है.**

गौरतलब है कि स्थानीय कृषि उपज मंडी परिसर में करीब डेढ़ साल पूर्व पांच शेड बनाए गये. प्रत्येक शेड की कीमत लगभग तीन लाख रुपये बताई जाती है. मंडी बोर्ड के द्वारा इनका निर्माण कराया गया. परन्तु वर्तमान में इनमें कई शेड के फर्श पर लगे कोटा स्टोन उखड़ गये है. कुछ माह में ही निर्माण कार्य की दुर्दशा से इनके निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो रहे है.

### ठोकर लगने का डर बना रहता

टीनशेड के फर्श पर लगाए गये कोटा स्टोन उखड़ना शुरु हो गये है, कई पत्थर तो यहां से गायब ही है. ऐसे में उखड़े फर्श पर आवाजाही के चलते ठोकरे लगती है. अनजाने में ठोकर लगने से चोटिल होने का डर बना रहता है.

### सीसीकरण की जगह उड़ रही धूल

मंडी परिसर के पीछे वाले हिस्से में ही सीसीकरण भी कराया गया था.



किंतु कुछ समय बाद ही सीसीकरण वाले स्थान पर धूल ही धूल उड़ रही है. एक नजर लगता ही नहीं है कि यहां पर कुछ माह पूर्व ही सीसीकरण का कार्य भी हुआ है. सीसीकरण वाली जगह मैदान में वाहनों के पहिए से चहुंओर धूल ही धूल नजर आने लगती है.

### मिनी स्टेडियम में 500 विद्यार्थियों ने एक साथ किया गीता पाठ

**मुलताई।** गीता जयंती के अवसर पर सोमवार को नगर के मिनी स्टेडियम में विद्यार्थियों ने सस्वर गीता पाठ किया। सामूहिक सस्वर गीता पाठ का शुभारंभ जनपद अध्यक्ष नानहीबाई डहारे, एसडीएम राजीव कहार, तहसीलदार डॉ संजय बरैया, जनपद सीईओ डीएस मशराम, सीएमओ वीरेंद्र तिवारी, बीईओ सक्षम बारमाटे ने किया। एसडीएम राजीव कहार ने कहा गीता पाठ से आध्यात्मिक शक्ति का विकास होता है और जीवन पथ सुचारू रूप से संचालित होता है। बच्चों को पंडित सौरभ जोशी एवं गायत्री परिवार के घुड़क्या देशमुख, सुदामा ने गीता पाठ कराया।

# मऊ में एक सप्ताह से नलजल योजना बंद

## लाखों रुपये बर्बाद होने के बाद भी नियमित रूप से नहीं मिल पा रहा पानी

नवभारत न्यूज

**पडाना 01 दिसम्बर, सं. सारंगपुर जनपद क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत मऊ में ग्राम पंचायत की नल जल योजना की मोटर जल जाने एवं 500 फीट की केबल चोरी हो जाने के कारण ग्राम पंचायत की नल जल योजना एक सप्ताह से बंद पड़ी हुई है. जिससे गांव के तकरीबन 1900 परिवार के सदस्य हैंडपंप एवं निजी टैंकरो के भरोसे है.**



ऐसे में सबसे अधिक परेशानी गरीब तबके के लोगों के सामने दैनिक दिनचर्या में लगने वाला पानी की समस्या एक सप्ताह से बनी हुई. लेकिन अभी तक ग्राम पंचायत पानी की व्यवस्था नहीं जुटा पाई है.

ग्राम पंचायत सरपंच रईस मंसूरी का कहना है कि केबल चोरी हो जाने के कारण नल जल योजना बंद पड़ी हुई है पुलिस चौकी में आवेदन दिया है मंगलवार को मोटर चालू करवा दी जाएगी.



# गीता जयंति के साथ मोक्षदा एकादशी पर जुटे श्रद्धालु

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 01 दिसम्बर, का.** सोमवार एकादशी पर गीता जयंती का शुभ संयोग होने के चलते नगर के श्री खाटू श्याम मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही. मंदिर परिसर में भक्तों की अपार भीड़ उमड़ पड़ी. हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने बाबा खाटू श्याम के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया. सुबह की आरती से ही दर्शन के लिए लम्बी कतारें लगना शुरू हो गई थी जो रात तक जारी रही. बाबा श्याम का दिव्य और मनमोहक श्रृंगार उज्जैन से मंगवाए गए 51 किलो सुगंधित श्वेत पुष्पों से किया गया. मंदिर परिसर रंगीन रोशनी, पुष्पमालाओं और पारंपरिक सजावट से जगमगा रहा था. नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों, कस्बों सहित जिले भर से हजारों भक्त दर्शन के लिए आये. ढोल-ढमाके, नगाड़ो और डीजे की धुन पर झूमते हुए भव्य निशान यात्राएं निकाली गई. बाबा खाटू श्याम के दरबार में निशान अर्पित किए गये. नगर के पिंजारा मोहल्ला स्थित काली माता मंदिर से निकली विशाल निशान यात्रा विशेष आकर्षण का केंद्र रही. अत्यधिक भीड़ के चलते सिटी थाना द्वारा अतिरिक्त बल तैनात किया गया. नगर सुरक्षा समिति के कार्यकर्ताओं ने भीड़ नियंत्रण, मार्गदर्शन और सुचारु दर्शन व्यवस्था में अहम भूमिका निभाई.

# शिक्षक की सेवानिवृत्ति पर विद्यार्थी हुए भावुक

नवभारत न्यूज

**जीरापुर 01 दिसम्बर, सं.** शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में कार्यरत ओमप्रकाश सेन की सेवानिवृत्ति पर विदाई अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया. उन्होंने 43 वर्षों तक शिक्षक के रूप में अपनी सेवाएं दी. सेवानिवृत होने पर संस्था द्वारा उनका अभिनंदन एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया. मुख्य अतिथि तहसीलदार आरपी गौड़ ने सेवानिवृत्त शिक्षक श्री सेन का शाल श्रीफल पुष्पहार एवं साफा बांधकर सम्मान किया गया.



विद्यालय प्राचार्य हरीश गुप्ता एवं विद्यालय परिवार के शिक्षक एवं शिक्षिकाओं के द्वारा भी उनका पुष्पहार से सम्मान कर उन्हें सम्मान पत्र एवं संपूर्ण वाल्मिकी रामायण भेंट की. वे प्राथमिक विद्यालय कहारखेड़ा, प्रावि टपरियाहेडी प्रावि अब्दालपुरा, मावि खारपा तथा वर्तमान में उत्कृष्ट विद्यालय में कार्यरत रहकर ईमानदारी, कर्मठता अनुशासन में अपनी सेवाएं प्रदान की. सांस्कृतिक, सामाजिक, धार्मिक क्षेत्र में समय-समय पर अपनी सहभागिता निभाते रहे है. कक्षा 11 वीं के छात्रों के द्वारा भी सम्मान कर स्मृति चिन्ह भेंट किया



# 551 बालिकाओं ने एक स्वर में किया गीता पाठ

नवभारत न्यूज

**छापीहेड़ा 01 दिसम्बर, सं.** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आध्यात्मिक वातावरण में सम्पन्न कार्यक्रम शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छापीहेड़ा में आज गीता जयंती के पावन अवसर पर भव्य और गरिमामय आयोजित किया गया. शुभारंभ प्राचार्य राजेश कुमार शर्मा के प्रेरक उद्बोधन से हुआ. प्राचार्य ने विद्यार्थियों और उपस्थित शिक्षकगण को श्रीमद्भगवद्गीता के जीवन-मूल्यों, कर्म, भक्ति और ज्ञान के संदेश पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह ग्रंथ केवल धार्मिक पुस्तक नहीं, बल्कि जीवन को संतुलित और उद्देश्यपूर्ण बनाने वाला मार्गदर्शक है.

संचालन गोविंद प्रसाद कारपेंटर ने किया. संस्कृत शिक्षक भरत कुमार शर्मा द्वारा 551 बालिकाओं एवं शिक्षकों को श्रीमद्भगवद्गीता के पुरुषोत्तम योग अध्याय का सामूहिक वाचन करवाया. इस अध्याय का सार और महत्व समझाते हुए छात्राओं को बताया गया कि यह जीवन और प्रकृति के मूल तत्वों का ज्ञान कराता है, और मनुष्य को अपने कर्मों के प्रति सजग, आत्म-नियंत्रित और संतुलित जीवन जीने की शिक्षा देता है. इस अवसर पर पारी प्रमुख ओम प्रकाश शर्मा, अंजना गुप्ता, योग प्रमुख ओम प्रकाश खटीक, मोहित सोनी और विद्यालय का समस्त शिक्षक परिवार उपस्थित रहा.

इस अवसर पर गीता स्वाध्याय मंडल द्वारा नगर में भजन मंडली के साथ नगर में शोभा यात्रा निकाली गई नगर में विभिन्न स्थानों पर नागरिकों द्वारा शोभा यात्रा का पुष्पवर्षा कर स्वागत जाकर कांकरिया बालाजी मंदिर पर सामूहिक श्रीमद भगवत गीता के पाठ का वाचन किया जाकर गीता आरती कर कार्यक्रम का समापन किया गया. इस अवसर पर पंडित लक्ष्मीनारायण शर्मा बालचंद्र दांगी वीरेंद्र कुमार जैन नंदकिशोर नागर मनोज नागर रामबाबू नागर केशरसिंह नागर तथा नगर परिषद ष्टस्द्ध हरिओम शर्मा राम नागर कुशाल सिंह दांगी जमील खान पंकज कुमार शर्मा शिवा इंगले आदि उपस्थित थे.

**गीतापाठ** ▶ **अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव श्रीमद्भगवद्गीता के 15वें अध्याय का सस्वर पाठ का हुआ आयोजन**

# अर्जुन ही नहीं, आज समाज में भी संदेह दूर करती है गीता

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 01 दिसम्बर, का.** अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव श्रीमद्भगवद्गीता कार्यक्रम में परिसर का अंदिरवास अत्यंत सुंदर रूप से सजाया गया. जिससे पूरे स्थल पर एक दिव्य, शांत और आध्यात्मिक वातावरण बना रहा। कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा कार्यक्रम में पधारे संतङ्कसाधुओं का शॉल, श्रीफल से सम्मान किया तथा परंपरागत विधि से दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया. इस दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री इच्छित गढ़पाले, डिप्टी कलेक्टर सुश्री ज्योति राजोरे, मुख्य चिकित्सा एवं जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शोभा पटेल सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि,



अधिकारीगण व कर्मचारीगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे. इस दौरान कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने सभी को अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि वेद, पुराण जैसे हमारे प्राचीन ग्रंथों का अध्ययन अनिवार्य है, क्योंकि यही हमारी जड़ों और संस्कृति का आधार हैं. उन्होंने कहा कि गीता के 18 अध्यायों में ज्ञान, भक्ति, कर्म और योग का सार समाहित है. कार्यक्रम में बच्चों ने उत्साहपूर्वक स्वाध्याय पत्रक का दोहरान किया. पूर्व विधायक रघुनंदन शर्मा ने कहा कि गीता में भगवान श्रीकृष्ण का उपदेश जब-जब पाप बढ़ता है, तब-तब मैं जन्म लेता हूँ. आज भी समाज के लिए मार्गदर्शक है. भाजपा जिला अध्यक्ष ज्ञान सिंह गुर्जर ने मंच पर उपस्थित संतों को प्रणाम किया. उन्होंने कहा कि जैसे भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन के संदेह दूर किए, वैसे ही हमें भी इन ग्रंथों को आत्मसात कर आगे बढ़ना चाहिए. राजस्व अधिकारी सुश्री निधि भारद्वाज ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किय. इसके पश्चात् सभी संतों, जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, विद्यार्थियों व नागरिकों ने सामूहिक रूप से गीता आरती का गायन किया.

### गीता जयंती पर श्री झाली आश्रम में हुआ भव्य आयोजन

**नरसिंहगढ़ 01 दिसम्बर, सं.** सोमवार को श्री झाली आश्रम मंदिर परिसर में गीता जयंती का आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया. शुरुआत मां सरस्वती की विधिवत पूजा-अर्चना के साथ की गई. इसके बाद उपस्थित श्रद्धालुओं द्वारा श्रीमद्भगवद्गीता के 15वें अध्याय का सामूहिक पाठ किया गया. मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे विधायक प्रतिनिधि सुदीप शर्मा ने कहा कि गीता केवल एक ग्रंथ नहीं बल्कि जीवन का मार्गदर्शक है. इस दौरान नगर परिषद अध्यक्षा कविता वर्मा, मंडल अध्यक्ष देवेंद्र सिंह परमार, मंदिर के पुजारी पंडित राघवेंद्र शर्मा, सीएमओ अभिषेक जैन, रमेश मालवीय, हरिओम मिश्रा, ललित शर्मा, सतेंद्र सिंह, पवन मेहता, भारत सिंह गुर्जर, कमल चौरसिया, अमृतलाल सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे.